WORLDBEYONDWAR.org
a global movement to end all wars



तेल के लिए अब और युद्ध नहींयुद्ध के लिए अब और तेल नहीं

युद्ध और युद्ध की तैयारियाँ, केवल वे खाइयां नहीं हैं जिसमें पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए उपयोग किए जा सकने वाले ट्रिलियन डॉलरों को यूं ही फेंका जाए, जो पर्यावरणीय क्षति के लिए भी सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

1. अमेरिकी सेना पृथ्वी के सबसे बड़े प्रदूषकों में से एक है। 2001 के बाद से, अमेरिकी सेना ने 1.2 बिलियन मीट्रिक टन ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन किया है, जो सड़क पर 257 मिलियन कारों के वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। अमेरिका का "रक्षा" विभाग दुनिया में तेल ($17B/वर्ष) का सबसे बड़ा संस्थागत उपभोक्ता है, और 80 देशों में 800 विदेशी सैन्य ठिकानों के साथ सबसे बड़ा वैश्विक भूमिधारक है। एक अनुमान के अनुसार, अमेरिकी सेना ने 2008 के केवल एक महीने में इराक में 1.2 मिलियन बैरल तेल का उपयोग किया था। एक सैन्य आकलन के अनुसार 2003 में अमेरिकी सेना के दो-तिहाई ईंधन का उपयोग उन वाहनों में हुआजो युद्ध के मैदान में ईंधन पहुँचा रहे थे।

2. अब जैसे-जैसे पर्यावरणीय संकट बिगड़ता जा रहा है, पर्यावरण संकट से निपटने के लिए एक उपकरण के रूप में युद्ध की सोच हमें फिर से उसी चक्र के साथ धमकी दे रही है। यह घोषणा करते हुए कि युद्ध पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण होता है, वास्तविकता यह है कि युद्ध मनुष्य के कारण होता है और हम इस बात को अक्सर भूल जाते है, जब तक हम इस संकट को शांति से संबोधित करना नहीं सीखते हैं, तब तक हम उन्हें केवल बदतर बना देंगे।

3. कुछ युद्धों के पीछे एक प्रमुख प्रेरणा, पृथ्वी को जहरीला कर देने वाले तेल और गैस जैसे संसाधनों को नियंत्रित करने की इच्छा है। वास्तव में, गरीब देशों में अमीर देशों द्वारा युद्धों की शुरूआत मानव अधिकारों के उल्लंघन या लोकतंत्र की कमी या आतंकवाद के खतरों से नहीं होती है, बल्कि तेल की उपस्थितिसे बहुत अधिक संबंधित है।

4. युद्ध का अधिकांश पर्यावरणीय नुकसान वहां होता है जहां पर युद्ध होता है, वहीं विदेशी और अपने देशों में सैन्य ठिकानों के प्राकृतिक वातावरण को भी नष्ट करता है। अमेरिकी सेना जलमार्ग का तीसरा सबसे बड़ा प्रदूषक है।